जिला सामाजिक आर्थिक पुनर्निरीक्षण

जिला करनाल

2010-2011

जारीकर्ता :-

जिला सांख्यिकीय अधिकारी,
करनाल ।

जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण – जिला करनाल

विषय सूचि

	विषय		पृष्ठ संख्या
परिशिष्ट	1.	**सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण जिला करनाल**	1–2
	2.	**स्थिति, ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि व भौतिक विशेषताऐं**	3–5
		स्थिति	
		ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि	
		सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन	
		क्षेत्रफल व प्रशासनिक ढांचा	
		भौतिक विशेषताए	
		खनिज सम्पदा	
		नदियां	
		जलवायु व वर्षा	
		भू–जल संसाधन/विज्ञान	
		मिटटी/भूमि	
	3.	**जनसंख्या**	5–10
		जनगणना के आंकडे	
		घनत्व	
		ग्रामीण व शहरी जनसंख्या	
		अनुसूचित जाति जनसंख्या	
		साक्षरता	
		जन्म व मृत्युदर	
		रिहायशी घर	
		कार्यकर्ता	
		जनगणना 2001 के अनुसार उपलब्ध मुलभूत सुविधाओं का ब्योरा	
		स्लम जनसख्या	
		विकलांगता	
		धर्मानुसार जनसख्या	

	विषय		पृष्ठ संख्या
	4.	**वन**	10–11
		वन क्षेत्र	
		वृक्षारोपण, उत्पादन व आय	
	5.	**कृषि**	11–14
		क्षेत्र का वर्गीकरण	
		कृषि जोतें	
		फसल चक्र एवं फसल क्षमता	
		औसत उपज तथा कुल उत्पादन	
		अधिक उपजाउ बीजों की किस्में	
		उर्वरकों का प्रयोग	
		पौधारक्षण	
		सब्जियों व बागवानी के अधीन क्षेत्र	
		फसलों का विविधिकरण	
		भूमि विकास कार्यक्रम/कृषि उपकरण	
		कृषि उपज–आमद व बिक्री	
	6.	**सिंचाई**	15
		सिंचाई के साधन	
		फसलानुसार सिंचित क्षेत्र/सिचांई की सघनता	
		प्राकृतिक आपदा	
	7.	**पशुधन तथा डेरी**	15–16
		पशुधन	
		पशु चिकित्सा सेवाऐं	
		नस्ल सुधार	
		पशु निर्यात	
		नाईट्रोजन प्लांट	
	8.	**मछली पालन**	17
	9.	**विद्युत**	17–18
		उपभोग/उपलब्धता	
		विस्तार	

	विषय		पृष्ठ संख्या
	10.	**खनिज पदार्थ तथा उधोग**	18–19
		खनिज उत्पादन	
		लघु उद्योग	
		औद्योगिक सम्पदा	
		प्रधान मन्त्री रोजगार योजना	
		औद्योगिक उत्पादन	
	11.	**सडक तथा परिवहन**	19–20
		सडकों की लम्बाई	
		राज्य परिवहन	
		सडक दुर्घटनाऐं	
		रेलवे स्टेशन	
	12.	**संचार**	20
		डाकघर	
		जनसंचार	
		दूरभाष	
	13.	**श्रम तथा रोजगार**	20–21
		रोजगार केन्द्र	
		एक परिवार एक रोजगार	
		बेरोजगारी भत्ता	
		औद्योगिक झगडे	
		वाणिज्यिक प्रतिष्ठान	
	14.	**सहकारिता**	21–22
	15.	**बैंक**	22
	16.	**शिक्षा**	23–26
		विद्यालय तथा महाविद्यालय	
		व्यवसायिक शिक्षा	
		सर्व शिक्षा अभियान	
		सतत् शिक्षा कार्यक्रम	

		विषय	पृष्ठ संख्या
	17.	**चिकित्सा एंव जन स्वास्थय**	26–27
		स्वास्थय सेवाऐं	
		परिवार कल्याण	
		टीकाकरण	
		पेयजल सुविधा	
	18.	**जन कल्याण**	27–30
		स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना	
		स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगाार योजना	
		अक्षय उर्जा विकास कार्यक्रम	
		सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना	
		समन्वित ग्राम उर्जा परियोजना	
		इन्दिरा आवास योजना	
		हरियाणा हरिजन वित्त एवं विकास निगम	
		हरियाणा महिला विकास निगम	
		हरियाणा पिछडा वर्ग एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम	
		वृद्धावस्था एवं अन्य पैशन	
		कन्यादान योजना	
		मकान अनुदान योजना	
		नगर सुधार मण्डल	
		रैडक्रास सोसाईटी	
		समेकित बाल विकास परियोजना	
	19.	**विविध**	30–34
		नगर पालिकाऐं	
		पंचायत समितियां व ग्राम पंचायतें	
		राजस्व	
		(क) रजिस्ट्रीकरण	
		(ख) आबकारी	
		सार्वजनिक वितरण प्रणाली	
		पुलिस और अपराध	

	विषय		पृष्ठ संख्या
		हरियाणा सरकार के कर्मचारी	
		मनोरंजन	
		बचत	
		विकेन्द्रीकरण योजना	
		खेलकूद व युवा कल्याण	
		नेहरु युवा केन्द्र	
		सासंद क्षेत्रीय विकास निधि	
		जिला लोक सर्म्पक एंव कष्ट निवारण समिति	
	20.	**जिला एक दृष्टि में**	
		चुने हुए सूचकांक	35–36

जिला सामाजिक आर्थिक पुनर्निरीक्षण

हरियाणा राज्य के मानचित्र पर जिला करनाल का विशिष्ट स्थान है । पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक तथा विकासात्मक दृष्टि के अर्न्तगत जिला करनाल विश्व के मानचित्र में 'हरियाणा का पैरिस' की उपमा से अलंकृत है । जिला करनाल ने 'धान का कटोरा' के रुप में भी अपनी पहचान बनाई हुई है । यह जिला निरन्तर न केवल कृषि बल्कि औद्यौगिक प्रगति के पथ पर भी अग्रसर है । यमुना नदी जिले की पूर्वी सीमा को उत्तर प्रदेश से अलग करती है । 1971 की जनगणना के समय जिला करनाल का क्षेत्रफल 8007.68 वर्ग कि0मी0 था व इसके अर्न्तगत कुल 1429 गांव थे । त्वरित विकास के लिए नये जिलों के निर्माण के फलस्वरुप वर्तमान जिला करनाल में 434 गांव है व राजस्व/गांव पत्रों के अनुसार क्षेत्रफल 2462.5 वर्ग कि.मी. है ।

1. प्रशासनिक सुविधा के लिये जिला करनाल को तीन उपमंडल (करनाल, असन्ध व इन्द्री) पांच तहसीलों, तीन उप-तहसीलों व छः विकास खण्डों में बाटां गया है । राजस्व रिकार्ड़ के अनुसार जिले का क्षेत्रफल 2462.5 वर्ग किलो मीटर है जोकि राज्य के कुल क्षेत्रफल का 5.6 प्रतिशत है । 2011 की जनगनणा के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 1506323 (P) है, जिसमे से 69.73 प्रतिशत गावों व शेष 30.27 प्रतिशत शहरों में रहती है । जिले में लिंगानुपात 865 तथा पुरुष व स्त्री साक्षरता क्रमशः 76.3 व 58.0 प्रतिशत है ।

2. जिले की जलवायु गर्माद्र है । यहां गर्मियो में अधिक गर्मी और सर्दियों में अत्यधिक सर्दी होती है। मास जनवरी सबसे ठण्डा व जून सबसे गर्म मास है । सर्दियो में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सैटीग्रेड तक पहुंच जाता है । वर्षा मास जुलाई व अगस्त में तथा कभी-कभी मास दिसम्बर व जनवरी में भी होती है ।

3. ग्राम प्रपत्रों के अनुसार जिले का कुल क्षेत्रफल 246.3 हजार हैक्टेयर है। वर्ष 2009-10 के दौरान 217 हजार हैक्टेयर भूमि (88.10 प्रतिशत) कृषि योग्य थी, जिसमें से 197 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में निबल कृषि की गई । लगभग 3.77 प्रतिशत क्षेत्र फुटकर वृक्षों, उपवनों, चरागाहों आदि के अधीन व 3.7 प्रतिशत क्षेत्र वर्तमान परती भूमि का था। 192 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में एक से अधिक बार फसलें बोई गई तथा कुल 389 हजार हैक्टेयर क्षेत्र काश्त के अधीन रहा । कुल बोए गए क्षेत्र में से 44.06 प्रतिशत में गेहूं, 44.08 प्रतिशत में धान व 2.05 प्रतिशत में गन्ना बोया गया ।

4. जिले में 10 कृषि मण्डियां व 8 सब यार्ड है । कृषि उपज का उचित मूल्य किसानों को मिले तथा उनका शोषण न हो, इन मण्डियों के माध्यम से जिला प्रशासन सदा जागरुक रहता है । खाद्यान्न भण्डारन के लिये जिले मे 624 हजार टन क्षमता के सरकारी व अर्ध-सरकारी गोदाम उपलब्ध रहे ।

5. जिले में लगभग शत-प्रतिशत बोया गया निबल क्षेत्र सिंचित रहा । सरकारी नहरो का योगदान 21.83 प्रतिशत रहा । शेष सिंचाई 59874 डीजल सैट व बिजली के टयूबवैलों द्वारा की गई । जिला करनाल में सिंचाई की सघनता 197.0 रही ।

6. जिला करनाल के सभी गांव पक्की सडको से जुडे हुए है और उनमें बस सेवा उपलब्ध है । विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत सडको की मुरम्मत व सुधार का कार्य प्रगति पर रहा । सभी गावों का विद्युतिकरण भी हो चुका है व उनमें स्वच्छ जल की समुचित/पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है ।

7. वर्ष 2010-11 तक जिले में सभी प्रकार की 1111 सहकारी समितियां थी, जिनके पास 1773 करोड रु0 की कार्य पूंजी उपलब्ध थी । औसतन जिले में एक लाख व्यक्तियों के लिये 74 सहकारी समितियां सेवारत रही ।

8. स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये राज्य सरकार की, स्थानीय निकाय की व एच्छिक संस्थाएं सेवारत रही । ऐलोपैथिक पद्धिति से इलाज करने के लिये 2 अस्पताल, 25 प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, 12 डिस्पैसरियां, 5 सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र व 141 उप स्वास्थय केन्द्र कार्यरत रहे । जिनके द्वारा वर्ष 2010 के दौरान 8,15,924 का इलाज किया गया । 27 आर्युवैदिक व यूनानी संस्थाओं द्वारा भी 43364 रोगियों को चिकित्सा लाभ प्रदान किया गया ।

9. शिक्षा के क्षेत्र में भी यह जिला अग्रणी रहा है । सरकारी व सहायता प्राप्त 11 महाविद्यालयों द्वारा 9843 विद्यार्थियों को वर्ष 2010-11 के दौरान शिक्षित किया गया । मान्यता प्राप्त 344 उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक, 166 माध्यमिक व 805 प्राथमिक विद्यालयों द्वारा 268324 विद्यार्थियों को शिक्षित किया गया ।

10. विकेन्द्रीकृत योजना, सांसद निधिकोष, मुख्य मन्त्रीं द्वारा स्वीकृत कार्यक्रम के अधीन जिले में विकास कार्यक्रम त्वरित गति से जारी रहें ।

स्थिति, ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि व भौतिक विशेषताएं

1. स्थिति :- जिला करनाल हरियाणा राज्य के उत्तर पूर्व में 29‘58‘-29.28‘ से उत्तरी अक्षांश तथा 76‘29‘- 77.13‘ पूर्वी रेखांश के मध्य स्थित है । जिला करनाल के उत्तर व उत्तर पशिचिम में जिला कुरुक्षेत्र, पशिचिम में जिला जींद व दक्षिण में जिला पानीपत तथा पूर्व से लेकर पूर्व दक्षिण तक उत्तर प्रदेश के सहारनपुर व मुज्जफरनगर तथा मेरठ जिले है । समुद्र तल से इसकी उंचाई 235 से 252 मीटर है ।

2. ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि :- राष्ट्रीय राज मार्ग न0 1 पर जिला करनाल देश की राजधानी दिल्ली व प्रदेश की राजधानी चण्डीगढ़ के बीच समान दूरी पर स्थित है । महाभारत काल के राजा कर्ण द्वारा बसाया गया क्षेत्र पुराणों में कर्णालय के नाम से विख्यात है, जो कालान्तर में करनाल कहा जाने लगा । करनाल नगरी के संस्थापक दानवीर राजा कर्ण के स्मृति चिन्ह कर्णताल (जहां राजा प्रतिदिन सोना दान किया करता था) व पालिका चौक पर मनमोहक घंटाघर पर भगवान कृष्ण को दानवीर कर्ण द्वारा सोने का दांत दान करते समय की मूर्तियां आज भी उनकी याद को ताजा करते है । मध्यकालीन युग, पठान युग व मराठों के शासन में करनाल क्षेत्र का विकास होता रहा । बर्तानबी काल में करनाल जिला पानीपत की तहसील रहा और इसका मुख्यालय शहर घरौण्डा में था । सन 1854 में अग्रेजों ने करनाल को जिला का दर्जा प्रदान किया व अनेक विकास कार्य करवाये । आजादी के बाद काफी संख्या में हिन्दू व सिक्ख यहां आकर बसे । जिला करनाल में असंध, सालवान, तरावडी, घरौण्डा, इन्द्री व गावं बसथली, बहलोलपुर, कुजंपुरा, सीतामाई, करनाल का मंजी साहिब गुरुद्धारा, शिव मन्दिर व तरावड़ी का गुरु तेगबहादुर शीशगंज गुरुद्धारा व मधुबन के पास पीर बाबा की मजार विशेष धार्मिक व ऐतिहासिक धरोहर संजोए हुए है । वर्तमान काल में जिला लद्यु सचिवालय, न्यायिक परिसर, उचाना की कर्ण झील, ओएसीस, घरौंडा का रैड रोबिन पर्यटन स्थल व राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान का प्रादेशिक केन्द्र, सहकारी चीनी मिल, सैनिक स्कूल कुजंपुरा, हरियाणा पुलिस परिसर मधुवन, अटल पार्क अपनी विशेष पहचान बनाये हुए है ।

3. सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन :- खाद्यान्न उत्पादन, उत्कृष्ट रहन-सहन, आचार-व्यवहार, प्राकृतिक व ऐतिहासिक धरोहर के अनुसार जिला करनाल का समूचे भारत वर्ष में गौरवपूर्ण स्थान है । जिला करनाल में हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख व ईसाई बहुत ही सौहार्द के साथ रहते है, जिन का खाना मुख्यत: गेहूं, चावल, दालें इत्यादि है। वर्तमान में राष्ट्रीय राज मार्ग न0 1 पर टोल प्लाजा के नजदीक हवेली होटल ने विशेष

पहचान बनायी है । कस्वा तरावडी का बासमति चावल विश्व बाजार में अपना विशिष्ट स्थान बनाये हुऐ है । आजादी की लडाई से लेकर कारगिल के युद्ध तक यहां का योगदान किसी से छिपा नही है । प्रवेश कुमार मखाला ने तुरतुक क्षेत्र में, बल्ला के गुलाब सिहं ने दोलांग क्षेत्र में, जसविन्द्र सिहं सांबी ने राजौरी क्षेत्र में वीरता का परिचय देते हुए शहादत पाई, जिस पर जिलावासियों को गर्व है ।

4. क्षेत्रफल व प्रशासनिक ढाचा :- प्रशासनिक सुविधा के लिये जिले के 434 गावों को छः विकास खण्डों नामतः करनाल, इन्द्री, नीलोखेड़ी, घरौण्डा, निसिगं व असंध में बांटा गया है । पांच तहसीलों नामतः करनाल, नीलोखेड़ी, इन्द्री, घरौंडा व असंध तीन उप-तहसीलों नामतः निसिंग, बल्ला व निगदू तथा तीन उप-मण्डलों करनाल, असंध तथा इन्द्री में बांटा गया है । जिला में एक करनाल शहर की नगर निगम व 6 नगरपालिकाऐं नामतः नीलोखेडी, तरावडी, इन्द्री घरौण्डा, निसिंग व असंध है । जिले का प्रशासनिक मुख्यालय करनाल शहर में स्थित है ।

जिले का कुल क्षेत्रफल 2462.5 वर्ग किलो मीटर है । जोकि राज्य के क्षेत्रफल का 5.6 प्रतिशत है । कुल जनसंख्या 1506323, राज्य की जनसंख्या का 5.94 प्रतिशत है । जिले में 10 मार्किट कमेटियां व 9 सब यार्ड तथा 380 ग्राम पंचायतें हैं ।

5. भौतिक विशेषताएं :- यमुना नदी जिला करनाल की समतल पूर्वी सीमा के साथ-साथ उत्तर दक्षिण की और बहती है, व जिला करनाल की पूर्वी सीमा को उत्तर प्रदेश राज्य से अलग करती है। भू-स्थल समतल व उपजाउ है । उत्तर दक्षिण जिले की लम्बाई लगभग 50 किलोमीटर है व इसकी चौडाई लगभग 55 किलो मीटर है। जिला करनाल गंगा सिन्धु के मैदान का हिस्सा है। समुद्र तल से इसकी उंचाई 235 से 252 मीटर है ।

6. खनिज सम्पदा :- प्राकृतिक खनिज सम्पदा के क्षेत्र में जिला करनाल भाग्यशाली नही है । यमुना नदी के किनारों से केवल बालू रेत ही निकाली जाती है ।

7. नदियां :- सदा बहार यमुना नदी करनाल की पूर्वी सीमा के साथ-साथ बहती हुई उत्तर से दक्षिण की ओर प्राकृतिक रुप से प्रवाहित होती है । पश्चिमी यमुना नहर इसके उत्तर पश्चिम में है ।

8. जलवायु व वर्षा :- जिला करनाल की जलवायु गर्म है । ग्रीष्म काल में अत्याधिक गर्मी व सर्दियों में अत्याधिक सर्दी होती है । मास जून में अत्याधिक गर्मी होती है व तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जाता है। मास जनवरी मे अति-अधिक सर्दी हाती है व तापमान एक डिग्री तक गिर जाता है। वर्षा प्राय: मास जुलाई व अगस्त में होती है । वर्ष 2009 में 527.5 मि0मी0 औसत वर्षा हुई, जबकि गत वर्षो की औसत 395.02 मि0 मी0 की है ।

9. भू-जल संसाधन/विज्ञान :- जिला करनाल में भू-जल स्तर जमीन की सतह से 4.79 से 30.75 मीटर तक की गहराई तक है । भू-जल का अधिकतम दोहन हो रहा है । फलस्वरुप जिले का शत-प्रतिशत क्षेत्र डार्क श्रेणी में आ गया है । भू-जल स्तर में निरन्तर गिरावट आ रही है । अन्तिम जलस्तरीय निरीक्षण के आधार पर औसत जल-स्तर 13.23 मीटर आंका गया है । भूमिगत जल का बहाव जिले की दक्षिण दिशा की ओर है । मास जून 2007 में किये गये आकंलन के अनुसार आधा प्रतिशत क्षेत्र में जल स्तर 3 से 5 मीटर, 20 प्रतिशत में 5 से 10 मीटर, 35 प्रतिशत में 10 से 15 मीटर तथा 40 प्रतिशत क्षेत्र में 15 से 20 मीटर के बीच तथा शेष 4 प्रतिशत क्षेत्र (लगभग 34 वर्ग किलो मीटर) में 20 मीटर से 25 मीटर के बीच आंका गया ,शेष 0.5 प्रतिशत क्षेत्र में 25 मीटर से 30 मीटर तक आंका गया ।

10. मिट्टी/भूमि :- भू-क्षेत्र मुख्यत: तीन भागों में विभक्त है । बांगर क्षेत्र/मिटटी मुख्यत: विकास खण्ड घरौण्डा में आता है । खादर का इलाका करनाल से एक किलो मीटर दूर, इन्द्री करनाल मार्ग से शुरु होकर यमुनानदी व राष्ट्रीय राजमार्ग न0-1 पर गावं कोहण्ड तक के मध्य घिरा हुआ है । नरदक क्षेत्र में विकास खण्ड निसिंग, नीलोखेडी व असन्ध स्थित है । उथले पानी के नमूनों की विद्युत चालकता के आंकलन अनुसार 97 प्रतिशत जल मीठा व 3 प्रतिशत जल उपमध्यम से मध्यम श्रेणी की गुणवता वाला है । जिले में सामान्यत: दोमट, बालूई - दोमट किस्म की मिटटी पायी जाती है ।

जनसंख्या

11. जनसंख्या :- वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर जिला करनाल की कुल जनसंख्या 1506323 है जिसमें से 1050293 ग्रामीण व 456030 शहरी जनसंख्या है । वर्ष 2001 में जिले की कुल जनसंख्या में से 579485 (45.5) प्रतिशत तहसील करनाल, 186762 (14.7) प्रतिशत तहसील असन्ध, 184053 (14.4) प्रतिशत तहसील नीलोखेडी, 143771 (11.3) प्रतिशत तहसील इन्द्री व 180112 (14.2) प्रतिशत व्यक्ति तहसील

घरौण्डा में हैं । 1991–2001 की अवधि में जिले की जनसंख्या में 23.13 प्रतिशत दशकीय वृद्धि हुई, जबकि राज्य का औसत वृद्धि 28.06 प्रतिशत है । 1981–91 के दौरान दशकीय वृद्धि 24.76 प्रतिशत थी । जिले में जनसंख्या प्रवास नगन्य है, जोकि औद्याौगिक विकास कम होने के कारण है ।

जिले की जनसंख्या – 2011 (P)

क्षेत्र	पुरुष	स्त्रियां	कुल जनसंख्या
ग्रामीण	557305	492988	1050293
शहरी	241535	214495	456030
ग्रामीण + शहरी	798840	707483	1506323

12. घनत्व :– जिला करनाल का कुल क्षेत्रफल 2458.3 वर्ग कि0 मी0 है । 2416.86 वर्ग किमी0 ग्रामीण तथा 41.44 वर्ग कि0 मी0 शहरी क्षेत्र के अर्न्तगत आता है । जनसंख्या के आधार पर जिलों के मध्य राज्य में इसका छठा स्थान है । जिला करनाल में 598 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 क्षेत्र में रहते है, जबकि राज्य का औसत 573 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0 मी0 का है ।

13. ग्रामीण तथा शहरी जनसंख्या :– जिला करनाल की कुल जनसंख्या का लगभग 69.73 प्रतिशत गावों में तथा 30.27 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में रहता है । कुल शहरी जनसंख्या का 70.5 प्रतिशत शहर करनाल में तथा शेष अन्य 6 शहरों में रहता है । घरौडा में 8.30 तथा इन्द्री में न्यूनतम 3.83 प्रतिशत आबादी है । जिला करनाल में स्त्री, पुरुष अनुपात 2011 की गणना के अनुसार 886 प्रति हजार है जबकि राज्य का औसत 861 प्रति हजार है । मेवात में यह अनुपात अधिकतम 906 है । जिला सोनीपत में न्यूनतम 853 है । जिला करनाल में शहरी क्षेत्र का लिंग अनुपात 888 व ग्रामीण क्षेत्र में 884 है ।

14. अनुसूचित जाति जनसंख्या:– 2001 की जनगणना अनुसार जिला करनाल में 267424 व्यक्ति अनुसूचित जातियों से सम्बन्धित है । यह जिले की कुल जनसंख्या का 20.99 प्रतिशत है एंव हरियाणा राज्य की कुल अनुसूचित जनसंख्या का 6.54 प्रतिशत है । राज्य में अनुसूचित जातियों की प्रतिशतता 19.35 है ।

जिले में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या

क्षेत्र	कुल जनसंख्या	पुरुष	स्त्रियां
ग्रामीण	214826	115264	99562
शहरी	52598	28191	24407
ग्रामीण + शहरी	267424	143455	123969

15. साक्षरता :- जनगणना 2011 के अनुसार जिला करनाल में 76.44 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर है । ग्रामीण साक्षरता दर 73.10 प्रतिशत तथा शहरी साक्षरता दर 83.94 प्रतिशत है । शहरी क्षेत्रो में 1000 पुरुषो के विरुद्ध 888 साक्षर पुरुष तथा 1000 स्त्रियों के विरुद्ध 786 साक्षर स्त्रियां थी । ग्रामीण क्षेत्र में 1000 पुरुषो के पीछे 815 पुरुष तथा 1000 स्त्रियों के पीछे 637 स्त्रियां साक्षर थी ।

जिला करनाल में साक्षरता

क्षेत्र	कुल जनसंख्या	साक्षर जनसंख्या	कुल पुरुष	साक्षर पुरुष	कुल स्त्रियां	साक्षर स्त्रियां
ग्रामीण	1050293	664012	557305	390799	492988	273213
शहरी	456030	338760	241535	188639	214495	150121
ग्रामीण + शहरी	1506323	1002772	798840	579438	707483	423334

16. जन्म एवं मृत्युदर :- अन्तिम अनुमान अनुसार वर्ष 2009 में जन्म दर 22.7 प्रति हजार एवं मृत्यु दर 6.6 प्रति हजार थी । बाल मृत्यु दर 51.0 प्रति 1000 रही । सिविल रजिस्ट्रेशन स्कीम के अनुसार जिला करनाल में वर्ष 2010 के दौरान 32102 बच्चो ने जन्म लिया तथा 9219 मौतें हुई । जिला करनाल में जन्म के समय 100 बालिकाओं के पीछे बालकों की संख्या 122 थी ।

17. रिहायशी घर/परिवार :- 2001 की जनगणना अनुसार जिला करनाल में कुल 224230 परिवार थे, जिनमें से 160252 ग्रामीण तथा शेष 63978 शहरी घर/परिवार थे ।

18. मुख्य कार्यकर्ता :- जनगणना 2001 के अनुसार जिला करनाल में मुख्य कार्यकर्ता 355466 (कुल जनसंख्या का 27.90 प्रतिशत) है तथा सीमान्त कार्यकर्ताओं की संख्या 99989 (कुल जनसंख्या का 7.85 प्रतिशत) है । शेष 818728 व्यक्ति (64.25 प्रतिशत) कार्य न करने वाले अर्थात कार्यकर्ताओं पर निर्भर पाये गये । मुख्य कार्यकर्ताओं में से 29.58 प्रतिशत कृषक, 15.97 प्रतिशत खेतीहर मजदूर व 54.55 प्रतिशत अन्य कार्यो/सेवा तथा गृह उद्योग आदि में कार्यरत थे ।

19. जनगणना 2001 के अनुसार उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का ब्यौरा :- जिला करनाल की राज्य के विकसित जिलों में गणना होती है, शेरशाह सूरी मार्ग पर चण्डीगढ व दिल्ली के मध्य समान दूरी पर स्थित यह जिला मुख्यत: कृषि व दुग्ध पदार्थो के उत्पादन के कारण समृद्ध है । सामूहिक सूचकांक मूल्यांकन के आधार पर शहरी जिला करनाल की पांचवी सम्मानजनक स्थिति है । केवल पंचकूला, अम्बाला, कुरुक्षेत्र व गुडगांवा ही उससे पहली पंक्ति में आते है । जिले के कुल 313344 जनगणना भवनों में से 16403 (5.2) प्रतिशत भवन ही खाली पाये गये । प्रयोग किये जा रहें 296941 भवनों में से 67.1 प्रतिशत आवासीय व 4.3 प्रतिशत आवासीय कम अन्य प्रयोगों में थे । पूर्णतया गैर आवासीय भवनों 85062 में से 35.3 प्रतिशत दुकानें व कार्यालयों के लिए 1.50 प्रतिशत स्कूल-कालेज के लिए, 4.4 प्रतिशत फैक्टरियों, वर्कशापों व अन्य कार्य स्थलों के लिए, 1.0 प्रतिशत हस्पतालों के लिए, 0.4 प्रतिशत होटल व जलपान गृहों के लिए तथा शेष 57.4 प्रतिशत विविध कार्यो के प्रयोग अधीन पायें गये ।

आवासीय भवनों में से 46.3 प्रतिशत अच्छी, 49.0 प्रतिशत रहने योग्य व शेष 4.7 प्रतिशत खस्ता हालत में पाये गये ।

जिले के 260823 दम्पतियों में से 71.2 प्रतिशत को स्वतन्त्र शयन कक्ष उपलब्ध पाया गया । कुल परिवारों में से 47.8 प्रतिशत परिवारों को नल/टूंटी की जल सुविधा, 43.3 प्रतिशत को हैडपम्प की सुविधा उपलब्ध थी । मात्र 0.08 प्रतिशत परिवार तालाब या नहर का पानी, पीने के पानी के रुप में प्रयोग करते बताये गयें । रोशनी के लिए 84.2 प्रतिशत परिवार विद्युत का, 14.8 प्रतिशत मिटटी के तेल का, 0.2 प्रतिशत सोलर उर्जा का प्रयोग कर रहे थे । मात्र 0.5 प्रतिशत परिवारों ने रोशनी के लिए किसी भी साधन की उपलब्धता से इन्कार किया ।

46.9 प्रतिशत परिवारों में स्वतन्त्र स्नानघर की सुविधा पायी गयी, जबकि 55.5 प्रतिशत परिवारों में शोच के लिए उचित शोच स्थान न था, अर्थात ये परिवार

खुले में शौच के लिए जाते पाये गयें । 11.1 प्रतिशत परिवारों को फालतू/गन्दे पानी की निकासी के लिए नालियां उपलब्ध न थी ।

30 प्रतिशत परिवारों में अलग से भोजन पकानें के लिए रसोईघर उपलब्ध न था, अर्थात ये परिवार खुले में भोजन बना रहे थे । भोजन बनाने के लिए 33.8 प्रतिशत परिवार एल.पी.जी. (खाना पकाने की गैस), 0.8 प्रतिशत बायोगैस, 23.4 प्रतिशत लकडी, 33.9 प्रतिशत उपले व 4.5 प्रतिशत क्राप रसडूस (Crop Residue) तथा 3.6 प्रतिशत परिवार अन्य प्रकार के ईधन कच्चा कोयला, मिटटी का तेल, विद्युत अदि प्रयोग करते पाये गये ।

जिले के 41.2 प्रतिशत परिवार बैकं सुविधा का प्रयोग कर रहे थे । जिले के 19.7 प्रतिशत परिवारो के पास रेडियों, टी.वी, टेलिफोन, कार स्कूटर, साईकिल आदि की सुविधा उपलब्ध न थी ।

13.7 प्रतिशत परिवारों के पास दूरभाष, 62.02 प्रतिशत के पास दूरदर्शन व 21.8 प्रतिशत के पास स्कूटर मोटर साईकिल तथा 56.2 प्रतिशत के पास साईकिल नामक परिसम्पति उपलब्ध थी ।

20. स्लम जनसंख्या :- जनगणना 2001 के समय शहर करनाल में 58949 व्यक्ति (शहर की कुल जनसंख्या का 26.5 प्रतिशत) मलिन बस्तियों में रह रहे थे । स्लम बस्तियों में लिंगानुपात 846 था, जो कि जिले के औसत 865 की तुलना में काफी कम है । स्त्री साक्षरता दर 61.4 प्रतिशत भी शहरी स्त्री साक्षरता दर (73.96) से कम है । 2001 की जनगणना अनुसार 0-6 आयु वर्ग के बच्चे मलिन बस्तियों में मलिन बस्तियों की कुल जनसंख्या के 14 प्रतिशत है, जबकि जिले की शहरी जनसंख्या के विरुद्ध यह औसत 13.0 प्रतिशत है । स्पष्ट है कि शहर करनाल की मलिन बस्तियों में महिला व बाल विकास कार्यक्रम तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम को बल दिया जाना चाहिये ।

21. विकलांगता :- जनगणना 2001 के अनुसार जिला करनाल में सभी प्रकार के विकलांग व्यक्तियों की सख्या 27411 (कुल जनसंख्या का 2.15 प्रतिशत) थी । कुल 27411 में से 11109 व्यक्ति नेत्र (40.5 प्रतिशत) विकलांगता से पीड़ित थे । गूंगे व बहरे विकलांग व्यक्तियों की सख्या 2981 (कुल विकंलाग व्यक्तियों 10.9 प्रतिशत) थी । चलने-फिरने में विकलांग की प्रतिशतता 36.9 रही, जबकि मानसिक रुप से 11.7 प्रतिशत विकलांगता से ग्रस्त पाये गयें । कुल 27411 विकलांग व्यक्तियों में से 47.7 प्रतिशत

साक्षर तथा 52.3 प्रतिशत निरक्षर थे । 27411 विकलांग व्यक्तियों में से 59.6 प्रतिशत पुरूष व शेष 40.4 प्रतिशत स्त्रियां थी । ग्रामीण क्षेत्र/गांवों में 75.4 प्रतिशत व शहरी क्षेत्र/शहरों में 24.6 प्रतिशत विकलांग व्यक्ति रह रहे थे। समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2007-08 के दौरान कुल 7959 व्यक्तियों को 399.48 लाख रुपयें की पैंशन उपलब्ध करवायी गयी ।

शासकीय तथा समाज सेवी संस्थाओं की और से भी विकलांग व्यक्तियों को वांछित आर्थिक व उपकरण सामग्री से लाभाविन्त किया जाता रहा व उन्हें सक्षम बनाने की प्रक्रिया प्रगति पर रही ।

22. धर्मानुसार जनसख्यां:- जनगणना 2001 के अनुसार जिला करनाल में 88.3 प्रतिशत हिन्दू, 9.7 प्रतिशत सिख, 1.8 प्रतिशत मुसलमान, 0.08 प्रतिशत ईसाई धर्म को मानने वाले रह रहे थे । बौद्ध व जैन धर्म को मानने वाले की प्रतिशतता 0.14 थी ।कुल 1083 ईसाई धर्म को मानने वालों में से 780 (72 प्रतिशत) शहरी क्षेत्र में निवास कर रहे थे ।

वन

23. वन क्षेत्र :- हरियाणा राज्य में वनों का वर्गीकरण खण्ड स्तर के जंगलों एवं पट्टी स्तर के जंगलों के रुप में किया जाता है । सडको, नहरों, रेलवे लाईन के किनारों पर पाए जाने वाले जंगल स्ट्रिप जंगल है । जिला करनाल में स्ट्रिप जंगल पाए जाते है । वनों का वर्गीकरण राजकीय वन व निजि वनों के रुप में भी किया जाता है । राजकीय वनों को इसके आगे आरक्षित वन, संरक्षित वन एवं अवर्गीकृत वनों के रुप में वर्गीकृत किया गया है । निजि वनों में वह वन है जो इण्डियन फोरैस्ट एवं लैड परिजरवेशन एक्ट के अर्न्तगत आते है । वर्ष 2010-11 में गांव के प्रपत्रों के अनुसार जिले में मात्र 9 वर्ग कि0 मी0 वन क्षेत्र है। जो कि जिले के कुल क्षेत्रफल का मात्र 0.36 प्रतिशत है। वन विभाग के अनुसार जिला करनाल में 75.0 वर्ग कि0 मी0 आरक्षित व संरक्षित राज्य वन है तथा एक कि0मी0 निजि वन है । आरक्षित वन क्षेत्र जिले के बीड बसी, खांडाखेड़ी, शेरपुरा, उपली तथा बड़ागांव में है ।

24. वृक्षारोपण, उत्पादन व आय :- वन उत्पादन-लकडी, घास, बीज, पौधे आदि के विक्रय से राज्य को काफी आय होती है तथा अनेक व्यक्तियों की आजिविका का साधन है । राज्य सरकार द्वारा वनों की प्रगति के लिये अनेक योजनाएं चलाई जा रही है । वर्ष 2010-11 में 610.6 हैक्टेयर क्षेत्र (वन एवं सरकारी भूमि) में वृक्षारोपण किया गया

तथा 7.97 लाख पौधे निजि भूमि पर रोपित करवाये गए जो पर्यावरण सुधार के साथ इमारती व जलाने की लकडी उपलब्ध करवाएगें ।

कृषि

25. क्षेत्र का वर्गीकरण :- जिला करनाल का हरियाणा प्रदेश के कृषि क्षेत्र में प्रमुख स्थान है । वर्ष 2009-10 में राजस्व रिकार्ड अनुसार जिलें का कुल क्षेत्रफल 2462.5 हैक्टेयर है । कुल क्षेत्र में से 0.41 प्रतिशत वनों के अधीन, 9.35 प्रतिशत खेतीबाड़ी से भिन्न विभिन्न प्रयोगों में, 5.28 प्रतिशत क्षेत्रफल स्थाई चरागाहों एवं वृक्षों के अधीन थी । वर्तमान परती भूमि 2.03 प्रतिशत रही । बंजर एवं अकृष्य भूमि की प्रतिशतता 5.69 रिकार्ड की गई । कृषि योग्य परन्तु बंजर भूमि मात्र 0.41 प्रतिशत रही । शेष क्षेत्र 77.20 प्रतिशत कृषि अधीन रहा । वर्ष 2009-10 के दौरान 217 हजार हैक्टेयर क्षेत्र कृषि योग्य था, जिसमें से 197 हजार हैक्टेयर क्षेत्र (90.86 प्रतिशत) काश्त अधीन रहा। वर्ष के दौरान 197 हजार हैक्टेयर बोए गए निबल क्षेत्र में से 192 हजार हैक्टेयर क्षेत्र (97.46 प्रतिशत) में एक से अधिक बार कृषि की गई, इस प्रकार 389000 हैक्टेयर क्षेत्र कुल काश्त अधीन रहा ।

26. कृषि जोतें :- वर्ष 2000-01 की कृषि गणना के अनुसार जिला करनाल में कुल 103735 जोतों के अधीन 220249 हैक्टेयर क्षेत्र था । जोत का औसत आकार 2.12 हैक्टेयर था । एक हैक्टेयर तक 51.53 प्रतिशत जोतें, एक से तीन हैक्टेयर तक 28.66 प्रतिशत जोतें, 3 से 7.5 हैक्टेयर तक 14.75 प्रतिशत तथा 7.5 हैक्टेयर से अधिक केवल 5.06 प्रतिशत जोतें थी ।

27. फसल चक्र व फसल क्षमता :- जिला करनाल में रबी में गेहूं तथा खरीफ में धान मुख्य नकदी फसलों के रुप में बोई जाती है । वर्ष 2009-10 में 171.4 हजार हैक्टेयर क्षेत्र गेहूं के अधीन था एवं उत्पादन 773 हजार टन था, जबकि वर्ष 2008-09 में 172.0 हजार हैक्टेयर भूमि पर उत्पादन 791 हजार टन था । धान उत्पादन में जिला करनाल का विशेष योगदान है । वर्ष 2009-10 में 171.5 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में 521 हजार टन चावल की पैदावार हुई । गन्ने के अधीन 8.0 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में 63.7 हजार टन गन्ने का उत्पादन हुआ । मक्का, चना, तिलहन और दालों का उत्पादन भी गैर नकदी फसलों के रुप में किया गया । बोए गए निबल क्षेत्र में से 87.00 प्रतिशत गेहूं, 87.05 प्रतिशत चावल, 0.61 प्रतिशत बाजरा, 0.15 प्रतिशत मक्की, 0.50 प्रतिशत आलू के अधीन रहा । 4.06 प्रतिशत क्षेत्र में गन्ने की खेती हुई ।

28. औसत उपज व कुल उत्पादन :- फसलों के अधीन उत्पादन में प्राकृतिक साधनों जैसे वर्षा, जलवायु, भूमि की उर्वरकता का महत्व तो रहता ही है, आधुनिक तकनीक के उचित उपयोग का भी प्रमुख योगदान होता है । वर्ष 2009-10 में गेहूं की उपज 773 हजार टन एवं धान की 521 हजार टन रही । गेहूं की औसत पैदावार 4518 कि0 ग्रा0 प्रति हैक्टेयर, धान की 3029 कि0 ग्रा0, बाजरा 2051 कि0 ग्रा0 तथा तिलहन का औसत 2333 कि0 ग्रा0 प्रति हैक्टेयर रहा । कृषि उत्पादन में नए नए कीर्तिमान स्थापित होने से कृषकों व कृषि श्रमिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है ।

29. अधिक उपजाऊ बीजों की किस्में :- कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध करवाने के प्रभावी प्रयास किये गये । फलस्वरुप वर्ष 2009-10 में धान के लिये लगभग 71.5 प्रतिशत व गेंहूं के लिये 98.8 प्रतिशत क्षेत्र उन्नत/अधिक उपजाउ बीजों की किस्मों के अधीन रहा ।

30. उर्वरको का प्रयोग :- आज का कृषक बिना रासायनिक खादों के कृषि नही करता । वर्ष 2010-11 में 83864 टन नाईट्रोजन, 28390 टन फासफोरस, 3962 टन पोटाश का उपभोग किया गया । कुल 116216 टन रासायनिक खाद में से लगभग 72.16 प्रतिशत नाईट्रोजन/यूरिया की खपत रही । कृषि इनपुट की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वर्ष के दौरान उर्वरकों के 190 नमूनें चैक किए गये ।

रासायनिक खादों का प्रयोग कम करने के लिए तथा जमीन को सुधारने के लिए औरगैनिक खेती को बढावा देते हुऐ वर्मोकम्पोस्ट यूनिटें जिले के अन्दर लगाई गई ।

31. पौधारक्षण :- कृषि में अच्छी पैदावार लाने के लिये जहां उचित खाद और उन्नत बीजों का प्रमुख स्थान है वही फसलों को लगने वाली बिमारियों व कीडों को सही समय पर रोकना भी होता है । वर्ष 2010-11 में 470 हजार कि0 ग्रा0 कीटनाशक दवाईयों की खपत हुई । कृषि इनपुट की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वर्ष के दौरान दवाईयों के 119 लिए गए नमूनें फेल पाये गये नमूनों के मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्यावाही की गयी ।

दवाईयों एंव खाद का अन्धा-धुन्ध प्रयोग रोकने के लिए आई.पी.एम.के किसान स्कूल कैम्प लगा कर व प्रर्दशनी प्लाट लगा कर किसानों को प्रशिक्षित किया

गया । योग्य एवं इच्छुक कृषकों को नई तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए एग्रोटेक दिल्ली व चण्डीगढ मेले के अतिरिक्त अर्न्तराज्य भ्रमण करवाया गया ।

32. सब्जियों एवं बागवानी के अधीन क्षेत्र :- उद्यान विभाग द्वारा बागान की वृद्धि, सब्जियों की काश्त, मशरुम उत्पादन, बेमोसमी सब्जियों का उत्पादन, पोलीग्रीन हाउसिंग प्रणाली को बढावा देने के लिए निरन्तर कार्यक्रम चलाये जाते है । वर्ष 2009-10 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अधीन एरिया एक्सपेंशन आफ फरुट, मैंटीनेस आर्चड, रैजुविनेशन आफ ओलड आचर्डस कार्यक्रम प्रगति अधिन रहे, जिसमे क्रमशः 91,42 व 132 किसानों को निशुल्क/अनुदान पर फलदार पौधे, कीटनाशक दवाईयां व खाद उपलब्ध करवायी गयी । औषधिय पौधों, हल्दी, मिर्च, जी़रा (मसालें) आदि की फसल को बढावा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर प्रर्दशनियां आयोजित की गयी तथा 390 किसानों को 9.75 हैक्टेयर क्षेत्र में मिर्च, लहसुन व ओषधीय फसलों के उत्पादन के लिए 48.75 लाख रुपयें की अनुदान राशी बीज, खाद व दवाईयों के खर्च की क्षतिपूर्ति के लिए वितरित की गई ।

33. फसलों का विविधिकरण :- फसल चक्र की एक ही प्रकार की प्रथा अपनाने से एक तरफ भूमि की उपजाउ शक्ति ह्रास होती है तो दूसरी तरफ उत्पादन में कमी आती है व पानी का प्रयोग अधिक होता है । जिला करनाल में भू-जल स्तर में निरन्तर गिरावट/कमी आ रही है । इस समस्या को ध्यान में रखते हुए किसानों को सोयाबीन, सूरजमुखी तथा गन्ना आदि की खेती के लिये प्रेरित किया गया । धान व गेहूं के स्थान पर गन्ना, तिलहन, फल, फूल व जड़ी बूटियों की कृषि करने पर बल दिया जाता रहा । जल प्रबन्धन के अधीन साठी धान उन्मूलन अभियान चलाया गया ।

34. किसानों के खेतों पर प्रर्दशन :- अधिक उपज देने वाले उन्नत व अच्छी किस्मों के बीजों को बढ़ावा देने के लिये किसानों के खेतो पर प्रदर्शनी प्लांट लगाये गए । दलहन फसलों की बिजाई के प्रर्दशन प्लाटों के लिए 50 प्रतिशत इनपुट सप्लाई किए गयें ।

35. भूमि विकास कार्यक्रम/कृषि उपकरण:- कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये एक ओर पौधारक्षण की आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर कृषि योग्य भूमि के विस्तार के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं । जिला करनाल में राष्ट्रीय परती भूमि विकास परियोजना चलाई जा रही है । इस परियोजना का उद्देश्य भूमि की रचना में सुधार व क्षारीय तथा लवणीय तत्वों को कम करना, भूमि कटाव को रोकना, पर्यावरण शुद्ध करना व उर्जा की खपत में बचत का बढ़ावा देना है । वर्ष 2009-10 में

580 कृषकों के 1350 हैक्टेयर क्षेत्र में 6075 मी0 टन जिप्सम डलवाकर भूमि की गुणवता में सुधार करवाया गया, जिस पर 58.14 लाख रुपयें की अनुदान राशी खर्च की गयी । 10970 मिट्टी के व 190 पानी के सैम्पलों का विश्लेषण कर उचित खादों के प्रयोग का परामर्श दिया गया । माईकोन्यूट्रैट्स/सूक्ष्म तत्वों (जिंक, कोपर, आयरन एवं मंगनीज आदि) के परीक्षण किये गये । किसानों को उनकी जमीन की उर्वरकता के बारे में जानकारी देने के लिए वर्ष 2009-10 के दौरान 6075 भूमि स्वास्थय कार्ड उपलब्ध कराये जा गये, जिसमें मिटटी व पानी की गुणवता व उपयुक्त खादों की पूरी जानकारी उपलब्ध होती है । पारम्परिक कृषि से भूमि की उर्वरकता शक्ति में गिरावट आ रही है, इसके लिये ग्रीन मैनयोर पर बल दिया जा रहा है ।

36. कृषि उपज/आमद व बिक्री :- वर्ष 2010-11 के दौरान जिले की सभी 10 कृषि मण्डियों में 731.0 हजार टन गेहूं, 897.6 हजार टन धान, 55.0 हजार टन सब्जियां, 700 टन बाजरा, 1200 टन मक्की की आमद हुई । गेहूं की शतप्रतिशत आमद राज्य सरकार व राज्य सरकार की संस्थायों द्वारा समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित की गई । आमद की लगभग 0.14 प्रतिशत खरीद व्यापारियों द्वारा समर्थन मूल्य (1170/- रु0 प्रति किवंटल) से भी अधिक मूल्य पर रही । धान की आमद मे से लगभग 53.54 प्रतिशत व्यापारियों व मिलर्ज़ द्वारा व शेष में से 46.46 प्रतिशत हैफड द्वारा, एग्रो द्वारा, हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा, राज्य सरकार (खाद्य एंव आपूर्ति विभाग तथा Confed) द्वारा व शेष अन्य संस्थाओं, एफ.सी.आई. सहित द्वारा खरीदा गया ।

खाद्यान भण्डारन हेतू 865 हजार टन की क्षमता वाले सरकारी गोदाम व 29 हजार टन खाद्यान भण्डारन के लिये 27 ठण्डे गोदाम उपलब्ध रहें । बीज, खाद एंव दवाईयों की गुणवता बनाए रखने के लिए बिक्री स्थानों से प्रयाप्त नमूने लिए गयें व फेल पायें गये नमूनों के विरुद्व विक्रताओं के खिलाफ कानूनी कार्यावाही की गई ।

सिंचाई

37. सिंचाई के साधन :- जिला करनाल में काश्त अधीन लगभग शत प्रतिशत क्षेत्र सिंचित है । वर्ष 2009-10 के दौरान 197 हजार हैक्टेयर निबल क्षेत्र (बोये गए निबल क्षेत्र का 100 प्रतिशत) सिंचित रहा । सिंचित निबल क्षेत्र मे से 21.83 प्रतिशत सरकारी नहरों द्वारा व शेष लगभग 78.17 प्रतिशत टयूबवैल व पम्पिंग सैट द्वारा सिंचित रहा । सभी फसलों के अधीन कुल काश्त क्षेत्र 389 हजार हैक्टेयर में से 388 हजार (99.74 प्रतिशत) सिंचित रहा ।

38. फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र :- वर्ष 2009-10 के दौरान जिले की मुख्य फसलें गेहूं, धान व गन्ना शत प्रतिशत सिंचिंत रही । केवल दालें व अखाद्यय फसलें ही, जिन में सिंचाई की विशेष आवश्यकता नही होती, असिंचित रही । वर्ष 2009-10 के दौरान जिला करनाल में सिंचाई सघनता 197.0 रही ।

39. प्राकृतिक आपदा :- अत्याधिक वर्षा के कारण व ताजेवाला से यमुना नदी में अधिक जल प्रवाह के कारण बाढ़ का कुप्रभाव पडता रहा है परन्तु वर्ष 2010-11 में जिला करनाल बाढ़ के कुप्रभाव से मुक्त रहा । ओला वृष्टि/अधिक वर्षा से नष्ट फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति करती रही है ।

पशुपालन / पशुधन

40. पशुधन :- अक्तूबर 2007 की पशुगणना अनुसार जिला करनाल में 555.3 हजार पशु थे । सभी प्रकार के कुल पशुओं में से 22.49 प्रतिशत कैटल (गउधन), 68.61 प्रतिशत भैसें, 0.09 प्रतिशत गधे व खच्चर, 3.13 प्रतिशत भेडें, 2.05 प्रतिशत बकरियां, 0.01 प्रतिशत ऊँट, 1.22 प्रतिशत सूअर, 1.98 प्रतिशत कुत्ते व 0.47 प्रतिशत घोड़े थे ।प्रति हजार व्यक्तियों के विरुद्ध जिला करनाल में 98 पशु (गऊधन), 299 भैसें, 14 भेडें, 9 बकरियां तथा 3690 कुक्कटादि थे । जिले में उपलब्ध पशुधन संख्या से स्पष्ट है कि जिला करनाल हरित क्रान्ति के बाद श्वेत क्रान्ति व यैलो क्रान्ति की ओर शीघ्रता से अग्रसर है । गत कुछ वर्षो में जी0 टी0 रोड पर करनाल फूडस व मार्डन डेरी नामक दुग्ध सयंत्र घी व दुग्ध पदार्थो का उत्पादन कर रहे है । जिला करनाल में उत्पादित दूध अन्य दुग्ध संयत्रों को भी बेचा जा रहा है ।

41. पशु चिकित्सा सेवाएं :- जिला करनाल में वर्ष 2010-11 में 49 पशु चिकित्सा हस्पताल, 134 पशु डिस्पैसरीज के अतिरिक्त भेड व उन विस्तार केन्द्र, पोल्ट्री विस्तार केन्द्र, सूकर विस्तार केन्द्र, केन्द्रीय वीर्य कोष, पशु रोग निरीक्षण प्रयोगशाला कार्यरत रही । कुल 34 पशु चिकित्सक, 156 वी0एल0डी0ए0 सेवारत रहे । वर्ष के दौरान 237 हजार पशुओं का इलाज किया गया ।

42. पशु नस्ल का सुधार करते हुए दूध की मात्रा बढ़ाना :- वर्ष 1970 में साढे चौदह एकड भूमि वीर्य एकत्रण स्टेशन की स्थापना हेतू जी0 टी0 रोड पर खरीदी गई जिसमें वीर्य कोषस्टाक, स्टाफ क्वर्टिर, चारा उत्पादन फार्म, बुल शेडस आदि स्थापित किये गए । इस परियोजना में एक आधुनिक प्रयोगशाला भी स्थापित की गई, जिसका मुख्य उदेश्य उत्तम किस्म के पशु पैदा करना है । हरियाण वीरज व क्रास ब्रेड वीरज से वर्ष 2010-11 के दौरान 64 हजार गाय व मूर्राह वीरज़ से 103 हजार भैंसें कृत्रिम गर्भादान द्वारा गर्भित की गई ।

43.पशु निर्यात :- जिला करनाल उत्तर भारत में संकर नस्ल की बछडियों तथा गायों की विशेष मंडी बन चुका है । जिले में 20 से 30 कि0ग्रा0 दूध देने वाली क्रास ब्रेड गाएं पशुपालकों के पास सामान्य रुप से उपलब्ध है । वर्ष 2009-10 जो कि देसी गायों की नस्ल सुधार में अग्रणी सिद्व हुआ ।

44. तीन रजिर्स्टड पशुवध गृहों :- वर्ष 2010-11 में 2600 भेडें, 3500 बकरियां व 1400 सुअरों का वध वर्ष के दौरान हुआ । पशुधन व कुक्कट रोग निदान एवं आहार विशलेषण प्रयोगशाला, कैटल शो, चारा पदर्शनी प्लाट द्वारा तथा जिले में स्थित पोल्ट्री विस्तार केन्द्र व भेड़ें तथा उन विकास केन्द्र के माध्यम से भी पशुपालकों को सेवाएं प्रदान की गई ।

मछलीपालन

45. ग्रामीण तालाब जो अधिकतर नहाने, कपड़े धोनें एवं पशुओं को पानी पिलाने के लिये प्रयोग में लायें जाते थे, आजकल उनका प्रयोग मछली पालन हेतू किया जाता है । मछली पालन आय का एक अच्छा साधन है । जिसमें खर्च कम व आय अधिक होती है । हरियाणा राज्य में सर्वप्रथम जिला करनाल में मत्स्य विकास एजैसी वर्ष 1976-77 में स्थापित की गई जिससे मछली पालन को बढ़ावा मिल रहा है । वर्ष 2010-11 में 7364 टन मछली का उत्पादन हुआ और 2386.35 लाख रु0 की आय हुई ।

46. जिला करनाल में 1405 हैक्टेयर सम्भूत क्षेत्र था । वर्ष के दौरान 250 मछली पकडनें के लाईसैंस जारी किये गए । वर्ष के दौरान 40 बिना लाईसैंस के मछली पकड़ने वाले केस दर्ज हुए जिनसे 400 रु0 का मुआवजा वसूला गया । निजि क्षेत्र में 360 लाख मछली बीज उत्पादित रहा । वर्ष के दौरान मछली उत्पादन बढानें के लिये 60 नये व्यक्तियों को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया व 20 सूत्री कार्यक्रम के नियत लक्ष्य भी प्राप्त किये गये तथा कृषकों को एफ.एफ.डी.ए. द्वारा 8.10 लाख रु0 की अनुदान राशि प्रदान की गयी ।

विद्युत

47. उपभोग/उपलब्धता :- जिला करनाल में मास मार्च 2011 तक 11810 एल.टी. लाईनें व 7479 कि.मीटर - 11 किलो वाट की लाईनें तथा 58030 ट्रासफार्मर उपलब्ध थे । सरकार मांग अनुसार आपूर्ति के निरन्तर प्रयास करती रही है । वर्ष 2009-10 के दौरान कुल 13075 लाख किलोवाट बिजली की खपत रही । जिसमें से लगभग 65.50 प्रतिशत सिंचाई के लिये, 65447 नलकूपों द्धारा प्रयोग की गई । 12.64 प्रतिशत बिजली की खपत घरेलू उपयोग में रही जिसके लिये 195874 कनैक्शन/संयोजक स्वीकृत थे । उद्योगो द्वारा 14.56 प्रतिशत, वाणिज्यक प्रतिष्ठानों द्वारा 4.32 प्रतिशत बिजली व्यय की गई ।

48. विस्तार :- मांग अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये विद्युत प्रसार निगम राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार प्रयासरत रहा है । विद्युत वितरण के दौरान हो रही लीकेज को न्यूनतम स्तर पर लाने व बिजली की चोरी को रोकने के लिये वर्ष 2010-11 के दौरान गम्भीर प्रयास किये गए, फलस्वरुप बिजली चोरी के 2512 उपभोक्ता पकडें गये, और 215 लाख रुपये का जुर्माना लगाकर 112 लाख रुपये तत्काल मौके पर प्राप्त किये गए । ट्रासफारमरों की क्षमता में सुधार किया गया व कृषि सिंचाई के लिये वर्ष के दौरान 1471 नलकूपों को नये कनैक्शन दिये गए ।

खनिज पदार्थ तथा उद्योग

49. खनिज उत्पादन :- जिला करनाल में कोई प्राकृतिक सम्पदा नही है । जिला करनाल में केवल रेत ही निकलती है जो यमुना नदी के किनारों पर ही मिलती है । खान व भूगर्भ विभाग को वर्ष 2009-10 के दौरान निजि ठेकेदारों से रायलटी के विरुद्ध 282.15

लाख रुपये की अनुबन्ध राशी प्राप्त हुई । ईन्ट भटटों मालिकों से जिला करनाल में सरकार को 9.75 लाख रुपये की रायलटी प्राप्त हुई ।

